# कार्यालय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
# शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल (म.प्र.)

E-mail – deanshahdol@gmail.com,
Website - WWW.GMCSHAHDOL.ORG,
Office No. :- 07652 - 243000
Fax No. :- 07652 – 243222

क्रमांक/..1125/स्था./एम.सी./2021 शहडोल, दिनांक 06/03/2021

## //विज्ञप्ति सूचना//

म0प्र0 शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय भोपाल के ज्ञाप क्रमांक एफ 2-20/2020/1/55 दिनांक 17.11.2020 के अनुक्रम में "म.प्र. स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सकीय सेवा आदर्श नियम 2018" के अंतर्गत शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल में परिचारिका संवर्ग (स्टाफ नर्स) के रिक्त पदों पर केवल म.प्र. शासकीय नर्सिंग स्कूल/महाविद्यालय से उत्तीर्ण उम्मीदवारों हेतु निर्धारित शर्तो के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :–

**आवेदन की अंतिम तिथि 20.03.2021 सायं 05 बजे तक**

**पदनाम :– स्टाफ नर्स**

**कुल स्वीकृत पद संख्या :– 253**

01. सीधी भर्ती हेतु पद संख्या :– 202

| स.क. | श्रेणी | बिना वर्ग | | भूतपूर्व सैनिक | | योग | दिव्यांगजन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ओपन | महिला | ओपन | महिला | | |
| 1 | अनारक्षित | 34 | 15 | 4 | 2 | 55 | दिव्यांगों की कुल 11 रिक्तियों में से 11 शारीरिक विकलांगता निःशक्तजन के लिए आरक्षित है। जिस श्रेणी का निःशक्तजन इन पदों के लिए चयनित होगा उसी श्रेणी हेतु मान्य किया जावेगा। यह पद प्रत्येक श्रेणी की बिना वर्ग/ओपर रिक्तियों में समाहित है। |
| 2 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 12 | 6 | 2 | 0 | 20 | |
| 3 | अनुसूचित जाति | 20 | 9 | 2 | 1 | 32 | |
| 4 | अनुसूचित जनजाति | 25 | 11 | 3 | 1 | 40 | |
| 5 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 34 | 15 | 4 | 2 | 55 | |
| | योग | 125 | 56 | 15 | 6 | 202 | |

02. सीधी भर्ती (संविदा कर्मचारियों हेतु 20:) पद संख्या :– 51 (केवल म.प्र. के शासकीय नर्सिंग सूल/महाविद्यालय से उत्तीर्ण उम्मीदवार)

| स.क. | श्रेणी | बिना वर्ग | | भूतपूर्व सैनिक | | योग | दिव्यांगजन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ओपन | महिला | ओपन | महिला | | |
| 1 | अनारक्षित | 9 | 4 | 1 | 0 | 14 | दिव्यांगों की कुल 03 रिक्तियों में से 03 शारीरिक विकलांगता निःशक्तजन के लिए आरक्षित है। जिस श्रेणी का निःशक्तजन इन पदो के लिए चयनित होगा उसी श्रेणी हेतु मान्य किया जावेगा। यह पद प्रत्येक श्रेणी की बिना वर्ग/ओपर रिक्तियों में समाहित है। |
| 2 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 3 | 1 | 1 | 0 | 5 | |
| 3 | अनुसूचित जाति | 5 | 2 | 1 | 0 | 8 | |
| 4 | अनुसूचित जनजाति | 7 | 3 | 1 | 0 | 11 | |
| 5 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 8 | 4 | 1 | 0 | 13 | |
| | योग | 32 | 14 | 5 | 0 | 51 | |

03. अर्हताएं :–

| स.क. | पद का नाम | न्यूनतम आयु सीमा | शैक्षणिक अर्हतायें |
|---|---|---|---|
| 1 | स्टाफ नर्स | 18 वर्ष | 1. अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान के साथ (10+2) शिक्षा पद्धति से 12 वीं परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।<br>2. बी.एस.सी. (नर्सिंग) अथवा जनरल नर्सिंग एवं ज्येष्ठ प्रसूति विज्ञान प्रशिक्षित।<br>3. मध्यप्रदेश नर्सिंग कौंसिल में पंजीकृत परिचारिका। |

**शर्तें एवं निर्देश :-**

1. स्टाफ नर्स की नियुक्ति प्रथम 03 माह के लिए निश्चित पारिश्रमिक रू. 10,000/- पर की जावेगी। 03 माह पश्चात कार्यरत् स्टाफ नर्सों की परीक्षा ली जावेगी। परीक्षा में उत्तीर्ण होने के पश्चात ही अभ्यार्थियों को नियमित स्थापना के पदों में नियुक्त किया जावेगा। म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक/सी. 03-13/2019/3/एक भोपाल, दिनांक 12 दिसम्बर 2019 के अनुसार नियमित पद पर 03 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर रखा जावेगा। परिवीक्षा अवधि में पद के वेतनमान के न्यूनतम का प्रथम वर्ष 70 प्रतिशत, द्वितीय वर्ष में 80 प्रतिशत एवं तृतीय वर्ष में 90 प्रतिशत राशि, स्टायपेंड के रूप में देय होगी। परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर वेतनमान में वेतन दिया जाना प्रारंभ किया जायेगा।
2. पदों की संख्या में नियमानुसार वृद्धि या कमी हो सकती है।
3. पदों पर आरक्षण राज्य शासन द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार रहेगा, आरक्षण का लाभ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही दिया जायेगा।
4. **आवेदन शुल्क :- अनारक्षित वर्ग हेतु रू.1000/- (रूपये एक हजार मात्र)**, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग (नॉन क्रीमीलेयर), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं **निःशक्तजन उम्मीदवारों के लिए रू. 700/- (रूपये सात सौ मात्र)** का डिमाण्ड ड्राफ्ट New Government Medical College Shahdol Autonomous Society के नाम से तैयार कर आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. डिमाण्ड ड्राफ्ट के पीछे उम्मीदवार का नाम एवं मोबाईल नम्बर अंकित करना आवश्यक होगा।
6. **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि** :- कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कुदरी रोड, चांपा शहडोल (म.प्र.) पिन - 484001 में **स्टाफ नर्स के पद हेतु आवेदन पत्र दिनांक 20.03.2021 सायं 05:00 बजे तक** केवल व्यक्तिगत रूप से जमा किये जावेंगे। आवेदन पत्र जमा करने के समय आवेदक को अपने समस्त आवश्यक मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। आवेदन पत्र जमा करने के दिन ही अभ्यार्थी की "Spot Scrutiny" करते हुए उसके योग्यता एवं दस्तावेजों के अनुसार पात्र-अपात्र घोषित कर किया जावेगा तथा आवेदन पत्र की अंतिम तिथि के पश्चात समस्त पात्र अभ्यार्थियों को नियुक्ति प्रदान की जावेगी। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी।
7. म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के साथ-साथ आवेदन पत्र का प्रारुप शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल की अधिकृत वेबसाइट www.gmcshahdol.org में उपलब्ध रहेगी।

**(डॉ. मिलिन्द शिरालकर)**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता**
**शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय**
**शहडोल (म.प्र.)**

अन्य शर्तें :-

1. यात्रा भत्ता :- दस्तावेज सत्यापन के लिये किसी भी अभ्यार्थी को यात्रा भत्ता इस संस्था द्वारा नहीं दिया जावेगा उन्हें स्वयं के व्यय पर यात्रा करना होगा।
2. आवेदक की आयु दिनांक 01.01.2021 को 18 वर्ष से कम नहीं होना चाहिये।

   म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र कमांक सी 3-8/2016/1/3 दिनांक 04 जुलाई 2019 के अनुसार निम्न संवर्गों के अंतर्गत आने वाले अभ्यार्थी की अधिकतम आयु सीमा निम्नानुसार होगी :-

   ❖ अनारक्षित वर्ग के लिए - 40 वर्ष
   ❖ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग, शासकीय/निगम/मण्डल/स्वशासी संस्था के कर्मचारियों/नगर सैनिकों/निःशक्तजन/महिलाओं (अनारक्षित/आरक्षित) आदि के लिए 45 वर्ष ।
3. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को तत्संबंध का प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारुप में सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
4. अभ्यार्थी जिस श्रेणी का होगा उसे उसी श्रेणी में नियुक्ति प्रदान की जावेगी। अन्य किसी भी श्रेणी में नियुक्त नहीं किया जावेगा।
5. जिला श्योपुर, मुरैना, दतिया, ग्वालियर, भिण्ड, शिवपुरी, गुना तथा अशोकनगर में सहारिया आदिम जनजाति, जिला मण्डला डिंण्डौरी, शहडोल , उमरिया, बालाघाट तथा अनूपपुर में बैगा आदिम जनजाति एवं जिला छिंदवाड़ा के तामिया विकासखण्ड में भारिया जनजाति के न्यूनतम अर्हताधारी आवेदकों को भर्ती से संबंधित प्रकिया का अनुसरण किये बिना नियुक्ति प्रदान की जावेगी।
6. आरक्षण का लाभ म.प्र. के मूल निवासी को ही दिया जावेगा।
7. दिव्यांग प्रवर्ग के अभ्यार्थियों को जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जारी विकलांगता प्रमाण पत्र, जिसमें विकलांगता प्रतिशत स्पष्ट दर्शाया गया हो, जो कि 06 माह से अधिक पुराना न हो, प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
8. नर्सिंग जिसका सीधा संबंध जन सामान्य के स्वास्थ्य परीक्षण एवं ईलाज में है, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग म.प्र. का राजपत्र दिनांक 20.12.2019 के अनुसार शारीरिक रूप से दिव्यांग (जिसमें सम्मिलित है सेरेब्रल, पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बैनापन, एसिट अटेक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी) चयन हेतु पात्र होंगे इसके अतिरिक्त अन्य दिव्यांग उम्मीदवार भर्ती हेतु अपात्र होंगे।
9. उम्मीदार को शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. सेवा की अन्य शर्तें नियुक्ति पत्र में दर्शाये अनुसार बंधनकारी होंगी।
11. यदि कोई आवेदक किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में पूर्व से कार्यरत् है तो उसे आवेदन के समय ही नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं अन्य अभ्यार्थियों को रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. संविदा कर्मचारियों हेतु पदों पर आवेदकों को म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र कमांक सी-5-2-2018/1/03 भोपाल दिनांक 05 जून 2018 के अनुसार आवेदक न्यूनतम 05 वर्ष तक राज्य/जिला स्वास्थ्य समिति/म.प्र. सर्व शिक्षा अभियान मिशन में संविदा पद नियुक्त रहा हो। 05 वर्ष की यह अवधि रिक्त पदों पर आवेदन करने के दिनांक को पूर्ण होना

चाहिए। इस आशय का प्रमाण पत्र उसे प्रस्तुत करना होगा। यह प्रमाण पत्र यथास्थिति जिला स्तर अथवा राज्य स्तर के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो।

13. नियुक्ति उपरांत 01 वर्ष तक अन्यत्र सेवा हेतु आवेदन के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र देना संभव नहीं होगा।

14. निर्धारित न्यूनतम आयु के पूर्व विवाह करने वाले उम्मीदवार को नियुक्ति के लिए पात्रता नहीं होगी दिनांक 26.01.2001 के बाद जिस आवेदक को दो से अधिक संतान जन्म लिया है उसे नियुक्ति की पात्रता नहीं होगी।

15. अपूर्ण आवेदन का संपूर्ण दायित्व आवेदक का होगा तथा आवेदन स्वीकार न होने की स्थिति में तदविषयक पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।

16. चयनित प्रत्याशी की नियुक्ति पुलिस वैरीफिकेशन में उपयुक्त पाये जाने की प्रत्याशा में की जाती है, यदि भविष्य में पुलिस वैरीफिकेशन/चरित्र सत्यापन के पश्चात प्रतिकूल तथ्य प्राप्त होने पर सेवायें समाप्त की जाने की कार्यवाही निम्नानुसार की जावेगी।

17. नियुक्ति इस संस्था के सेवा शर्तों के अधीन होगी, संस्था अपनी सेवा शर्तों में आंशिक सुधार एवं परिवर्तन कर सकेगी।

18. स्कूटनी परिणाम एवं चयन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी संस्था की वेबसाइट पर अपलोड की जायेगी। अद्यतन जानकारी के लिए वेबसाइट www.gmcshahdol.org का निरंतर अवलोकन करें। यदि आवेदक समय-समय पर जारी महत्वपूर्ण सूचनाओं व निर्देशों का अवलोकन करने में असफल होता है तो अभ्यार्थी की दावेदारी मान्य नहीं की जावेगी।

19. यदि उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत गलत जानकारी के आधार पर चयन/नियुक्ति होती है तो, भविष्य में संबंधित की अभ्यार्थिता तत्काल निरस्त की जावेगी एवं तद्नुसार विधिक कार्यवाही संस्थित की जावेगी।

20. भर्ती नियमों के अनुसार सीधी भर्ती में राज्य स्तरीय पदों/संवर्गों हेतु आरक्षण रोस्टर का पालन किया गया है।

(डॉ. मिलिन्द शिरालकर)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
शहडोल (म.प्र.)

# शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल (म.प्र.)

## आवेदन का प्रारूप

................................................ के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र

(विज्ञापन कमांक ............................अंतिम तिथि / /2021)

(नोटः सभी जानकारी आवेदक द्वारा पूर्ण की जावें।)

1. आवेदक का पूरा नाम (उपनाम सहित) ...............................................................

2. पिता/पति का नाम (उपनाम सहित) ....................................................................

3. जन्मतिथि ........../............./........................
   (सत्यापन हेतु प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें।)

4. आवेदक की आयु – (दिनांक 01.01.2021 की स्थिति में) वर्ष ..........माह..............दिन ........

5. बैंक ड्राफ्ट कमांक ................................................ दिनांक ......................................................

6. वर्तमान निवास स्थान का पता (पिनकोड सहित) ......................................................................
   ........................................................................................................................................

7. स्थाई निवास का पूर्ण पता (पिनकोड सहित) .........................................................................
   ...................................................................................................................................

8. मोबाइल नं................................................ 9. ईमेल आई.डी. ............................................

10. आधार कार्ड नम्बर ..................................................................

11. आवेदक की वैवाहिक स्थिति – विवाहित/अविवाहित .............................................................

12. विवाह होने की स्थिति में विवाह की तिथि ..............................

13. आवेदित श्रेणी (अनारक्षित/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग /ई.डब्लू.एस.).........
    (आरक्षित श्रेणी हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र की छायाप्रति संलग्न करें।)

14. क्या अभ्यार्थी म.प्र. की विशेष पिछड़ी जनजाति से संबंधित है। (हाँ/नहीं) : .........................

15. सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी.-5-2/2018/1/3 भोपाल, दिनांक 05 जून 2018 के निर्देशानुसार संविदाकर्मी के रूप में की गई कार्य अवधि (आवेदन दिनांक की स्थिति में) वर्ष ....................माह ................ । (यदि लागू)

16. क्या अभ्यार्थी भूतपूर्व सैनिक है (हाँ/नहीं) .......................................................

17. नर्सिंग काउंसिल का जीवित पंजीयन क्रमांक ..................................................

18. रोजगार काउंसिल में जीवित पंजीयन क्रमांक ..................................................

19. काउन्सिल का पंजीयन क्रमांक एवं नाम तथा दिनांक ........................................................

20. शैक्षणिक योग्यताऐं :- (विज्ञापन अनुसार पद हेतु उल्लेखित समस्त अर्हता परीक्षाओं की जानकारी)

| क्र. | परीक्षा का नाम | शासकीय नर्सिंग स्कूल/महाविद्यालय का नाम | वर्ष | विषय | प्राप्तांक/पूर्णांक | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |
| 4 | | | | | | |
| 5 | | | | | | |

21. अन्य विशेष योग्यता (यदि हो तो) :-.................................................................................

22. निम्नांकित दस्तावेज संलग्न करें :-

| क्र. | दस्तावेजों का विवरण | (हाँ/नहीं/लागू नहीं) |
|---|---|---|
| 1 | आवेदन शुल्क - डिमांण्ड ड्राफ्ट । | |
| 2 | 10 वीं बोर्ड परीक्षा अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति। | |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | 12 वीं बोर्ड परीक्षा अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति। | |
| 4 | अर्हता परीक्षाओं से संबंधित समस्त अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति। | |
| 5 | आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति। | |
| 6 | सक्षम अधिकारी द्वार जारी म.प्र. के मूल/स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति। | |
| 7 | सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति-प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति। | |
| 8 | वर्तमान वित्तीय वर्ष का आय प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति। | |
| 09 | सेवारत् (नियमित/संविदा) होने की स्थिति में नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति। | |
| 10 | निर्धारित आयु के पूर्व विवाह न होने तथा 26.01.2001 के पश्चात तीसरी संतान न होने का स्वघोषित शपथ-पत्र। | |
| 11 | विधवा/परित्यकक्ता/तलाक शुदा की स्थिति में नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित तद्विषयक शपथ-पत्र। | |
| 12 | अनुभव प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति। | |
| 13 | जीवित रोजगार पंजियन। | |

**स्थानः-** ................................

**दिनांक :-** ...............................

**आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर**

## //घोषणा पत्र//

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्ण एवं सत्य है। जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन पत्र/ नियुक्ति पत्र निरस्त किया जा सकेगा तथा मेरे विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

**स्थानः-** ................................

**दिनांक :-** ...............................

**आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर**